पत्रांक 4566 दि0 29/05/2023

**दिनांक– 24.05.2023 को श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना तथा श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा सीतामढ़ी एवं शिवहर में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रगति के लिए की गई समीक्षा उपरान्त जिलास्तरीय प्रगति एवं दिए गए निदेश।**

दिनांक– 24.05.2023 को अपर मुख्य सचिव एवं सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति की समीक्षा सीतामढ़ी एवं शिवहर समाहरणालय के सभा कक्ष में संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी, बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं शिवहर, अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सभी अंचल अधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं सभी विशेष सर्वेक्षण शिविर प्रभारी एवं विशेष सर्वेक्षण कानूनगो उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शिवहर जिले के पुरनहिया, विशेष सर्वेक्षण शिविर, पुरनहिया का भी निरीक्षण कर सभी राजस्व ग्रामों के प्रगति की समीक्षा अमीनवार की गई एवं समीक्षोपरान्त निदेश दिए गए।

I. **सीतामढ़ी–** दिनांक– 24.05.2023 के पूर्वाध (भोजनावकाश के पूर्व) में सीतामढ़ी जिले की समीक्षा उपरान्त सीतामढ़ी में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की अद्यतन प्रगति निम्नवत पाई गई–

**SPECIAL SURVEY 2023 :: SHIVIR REPORT**

| S.No. | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETER | TOTAL MAUJA | Boundary Updated Map (5%) | | Kistwar (20%) | | Khanapuri (25%) | | Form-6 Entry Completed in Software (15%) | | LPM Form-7 Distribution (15%) | | Draft Publication (10%) | | Final Publication (10%) | | RANK |
| SHIVIR | | Count | % | Count | % | Count | % | Count | % | Count | % | Count | % | Count | % | |
| BATHNAHA 01 | 30 | 30 | 100.00% | 30 | 100.00% | 17 | 56.67% | 10 | 33.33% | 8 | 26.67% | 6 | 20.00% | 2 | 6.67% | 1 |
| RIGA 01 | 20 | 20 | 100.00% | 20 | 100.00% | 12 | 60.00% | 5 | 25.00% | 4 | 20.00% | 3 | 15.00% | 2 | 10.00% | 2 |
| RIGA 02 | 21 | 21 | 100.00% | 21 | 100.00% | 11 | 52.38% | 7 | 33.33% | 4 | 19.05% | 4 | 19.05% | 0 | 0.00% | 3 |
| BAJPATTI 01 | 29 | 29 | 100.00% | 29 | 100.00% | 16 | 55.17% | 8 | 27.59% | 5 | 17.24% | 2 | 6.90% | 0 | 0.00% | 4 |
| BAJPATTI 02 | 29 | 29 | 100.00% | 29 | 100.00% | 17 | 58.62% | 5 | 17.24% | 5 | 17.24% | 4 | 13.79% | 0 | 0.00% | 5 |
| BATHNAHA 03 | 30 | 30 | 100.00% | 29 | 96.67% | 15 | 50.00% | 10 | 33.33% | 4 | 13.33% | 2 | 6.67% | 0 | 0.00% | 6 |
| BATHNAHA 02 | 30 | 30 | 100.00% | 28 | 93.33% | 15 | 50.00% | 7 | 23.33% | 6 | 20.00% | 3 | 10.00% | 0 | 0.00% | 7 |
| SONBARSA 01 | 32 | 32 | 100.00% | 32 | 100.00% | 15 | 46.88% | 4 | 12.50% | 3 | 9.38% | 2 | 6.25% | 0 | 0.00% | 8 |
| SONBARSA 02 | 32 | 32 | 100.00% | 32 | 100.00% | 5 | 15.63% | 4 | 12.50% | 3 | 9.38% | 2 | 6.25% | 0 | 0.00% | 9 |
| TOTAL COUNT | 253 | 253 | 100.00% | 250 | 98.81% | 123 | 48.62% | 60 | 23.72% | 42 | 16.60% | 28 | 11.07% | 4 | 1.58% | |

जिलों के सभी शिविरों के अंतर्गत कार्य प्रारंभ सभी राजस्व ग्रामों की उपरोक्त प्रगति उपरान्त प्राथमिकता के आधार पर 2500 से कम खेसरों वाले राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के आलोक में 2500 से कम खेसरों वाले राजस्व ग्रामों की समीक्षा पाँच वर्गों में विभक्त कर दी गई और अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गया–

## 2500 से कम खेसरे वाले राजस्व ग्राम का अद्यतन प्रतिवेदन

| Range | कुल संख्या | किस्तवार | खानापुरी | LPM | प्रारूप | अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0.100 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 101.250 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 3 |
| 251.500 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 0 |
| 501.1000 | 22 | 22 | 18 | 13 | 10 | 0 |
| 1001.2500 | 59 | 59 | 43 | 19 | 9 | 0 |
| **कुल** | **91** | **91** | **71** | **42** | **28** | **4** |

उपर्युक्त प्रगति प्रतिवेदन के आलोक में शिविरवार प्रत्येक शिविर प्रभारी एवं कानूनगो से शिविर स्तर के सभी ग्रामों के प्रगति की समीक्षा ग्रामवार की गई और जिले में कार्य की धीमी प्रगति तथा ग्रामों में चल रहे खानापुरी एवं अन्य कार्यों के निष्पादन में हो रहे अत्यधिक विलंब के सम्बन्ध में पृच्छा की गई जिसके आलोक में दिए गए प्रतिवेदन निम्नवत् हैं–

(i) समीक्षा के क्रम में अधिकांश शिविर प्रभारी एवं कानूनगो द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उनके पूर्व में निरंतर शिविर परिवर्त्तन किए जाने के कारण कार्य की गति प्रभावित हुई है।

(ii) समीक्षा में पाया गया कि सीतामढ़ी जिले में 2500 से कम खेसरे वाले कुल 91 राजस्व ग्राम हैं, जिनमें 20 राजस्व ग्रामों में अब तक खानापुरी भी पूर्ण नहीं हुई हैं, जबकि जिलास्तरीय प्रतिवेदन के अनुसार जिले के अधिकांश राजस्व ग्रामों में वर्ष–2022 तक कुछ राजस्व ग्रामों में जनवरी–2023 तक अंतिम रूप से किस्तवार का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। इस सम्बन्ध में प्रतिवेदित किया गया कि जिले में कार्य प्रारंभ 253 राजस्व ग्रामों के विरूद्ध 117 अमीन तथा 09 शिविरों के विरूद्ध 07 शिविर प्रभारी एवं मात्र 04 लिपिक पदस्थापित हैं एवं जिला स्तर पर मात्र एक डाटा इंट्री ऑपरेटर है। अतः कर्मियों की कमी के कारण कार्य की गति प्रभावित हो रही है।

(iii) बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि शिविर स्तर पर जिन विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के विरूद्ध परिवाद प्राप्त हुए हैं, उनका स्थानान्तरण अन्य शिविर में किया गया है। परिवाद के स्वरूप एवं गंभीरता के सम्बन्ध में स्पष्ट प्रतिवेदन उपस्थापित नहीं किया गया।

(iv) शिविर प्रभारी एवं कानूनगो द्वारा बताया गया कि ग्राम स्तर पर R.W.D विभाग N.H.A.I से सड़क की चौड़ाई एवं अधिग्रहित भूमि की विवरणी प्राप्त नहीं हुई है, जिस कारण खानापुरी में कठिनाई हो रही है। बाँध वाली भूमि का मानचित्र एवं विवरण के सम्बन्ध में बताया गया कि यह उपलब्ध हो गया है।

(v) शिविर प्रभारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि सुनवाई की प्रक्रिया में अंचलस्तरीय सहयोग प्राप्त नहीं होने के कारण सरकारी भूमि के स्वामित्व निर्धारण तथा रैयतों द्वारा सरकारी भूमि पर किए जाने वाले दावे के निष्पादन में कठिनाई होती है। साथ ही अंचल से सैरात आदि की भूमि की विवरणी भी प्राप्त नहीं हुई है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं शिविरस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा दिए गए उक्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेश दिए गए–

(i) अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा सीतामढ़ी जिले के विशेष सर्वेक्षण कार्यों की धीमी प्रगति पर खेद प्रकट किया गया और विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के शिविरस्तरीय स्थानान्तरण के कारण हुई धीमी प्रगति के आलोक में निदेशित किया गया कि **निदेशालय स्तर पर R2R सॉफ्टवेयर के माध्यम से सीतामढ़ी में विगत् 06 माह में कर्मियों के शिविरों में किए गए परिवर्त्तन की समीक्षा की जाए एवं समीक्षा के आधार पर बन्दोबस्त पदाधिकारी तथा शिविर परिवर्त्तन की अनुशंसा करने वाले पदाधिकारी से कारण पृच्छा कर उनके विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित किया जाए।** स्पष्ट रूप में निदेशित किया गया कि यदि किसी कर्मी द्वारा कार्य नहीं किया जाता है अथवा लापरवाही की जाती है तो उनके वेतन कटौती और संविदा समाप्ति की कार्रवाई की जाए न कि दूसरे शिविर में स्थानान्तरण किया जाए।

(ii) 2500 से कम खेसरों वाले 20 राजस्व ग्रामों में अब तक खानापुरी पूर्ण नहीं होने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए निदेशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों का खानापुरी पूर्ण हो चुका है, उनमें प्रत्येक दशा में 30 जून, 2023 तक तथा जिनमें खानापुरी पूर्ण नहीं हुई है, उनमें जुलाई, 2023 के द्वितीय सप्ताह तक प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए। विगत दो वर्षों से भी अवधि से चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य में जिले में पदस्थापित 117 अमीनों द्वारा अब तक मात्र 04 राजस्व ग्रामों के अंतिम तथा 28 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किए जाने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया।

**निदेशित किया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी से जिले में कार्यरत अमीनों द्वारा विगत दो वर्षों में किए गए कार्य का विवरण एवं उनके शिविरों में पदस्थापन की अवधि के सम्बन्ध में सहायक निदेशक के स्तर से विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया जाए एवं प्रतिवेदन के आलोक में जिन 10 अमीनों द्वारा सबसे कम काम किया गया है, उनके संविदा समाप्ति का प्रस्ताव उपस्थापित किया जाए।**

(iii) कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के विरूद्ध प्राप्त होने वाले परिवादों के सम्बन्ध में स्पष्ट किया गया कि किसी भी कर्मी के विरूद्ध परिवाद प्राप्त होने पर जिला स्तर से जाँच कर प्रतिवेदन के आधार पर दंडात्मक कार्रवाई अथवा सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए। साथ ही शिविर स्थानान्तरण की कार्रवाई को दण्ड की श्रेणी में नहीं रखा जाए।

(iv) सरकारी भूमि की विवरणी के सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित समाहर्त्ता एवं अपर समाहर्त्ता से अनुरोध किया गया है कि विभिन्न विभागों यथा R.W.D विभाग N.H.A.I, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की समीक्षा कर उन्हें अविलंब उनके विभाग की भूमि की विवरणी विशेष सर्वेक्षण शिविरों को उपलब्ध कराई जाए।

(v) बैठक में उपस्थित सभी अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के सुनवाई प्रक्रिया में निश्चित रूप से अंचलस्तरीय प्रतिनिधि को उपस्थित होने का निदेश दिया जाए। साथ ही सैरात की भूमि अन्य सरकारी भूमि की कोई भी विवरणी जो अब तक शिविरों को उपलब्ध नहीं कराई गई है, उन्हें अविलंब उपलब्ध कराया जाए। अंचल अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि अंचल स्तर से सहयोग नहीं किए जाने के कारण किसी सरकारी भूमि का खाता रैयत के नाम खुलता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित अचंल के अंचल अधिकारी पर तय की जाएगी।

बैठक के अन्त में निदेशित किया गया कि जिलास्तरीय धीमी प्रगति को देखते हुए निदेशालय स्तर से जून, 2023 के द्वितीय सप्ताह से प्रति सप्ताह में दो या तीन वार प्रत्येक शिविर के प्रगति की समीक्षा जूम के माध्यम से सहायक निदेशक / नोडल पदाधिकारी के स्तर से की जाए और जिन कर्मियों की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होता है, उनकी संविदा समाप्ति की अनुशंसा की जाए।

**II. <u>शिवहर जिले के विशेष सर्वेक्षण शिविर, पुरनहिया की समीक्षा</u> –**

शिवहर जिले के विशेष सर्वेक्षण शिविर, पुरनहिया में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की समीक्षोपरान्त शिविरस्तरीय प्रगति निम्नवत् पाई गई–

**<u>शिविर पुरनहिया 01 के विभिन्न मौजो में विशेष सर्वेक्षण कार्यों से सम्बंधित प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत है -</u>**

सम्बद्ध कुल अमीनों की सं0 - 12

कुल मौजा - 27
कुल खेसरा - 89000 (Appox)

किस्तवार पूर्ण मौजों की सं0 - 27
खानापुरी पूर्ण मौजों की सं0 - 14
खानापुरी चल रहे मौजों की सं० - 08

LPM वितरीत मौजों की सं0 - 05
प्रारूप प्रकाशन मौजों की सं0 - 04
अंतिम प्रकाशन मौजों की सं0- 02

| क्र0 | अमीन का नाम | राजस्व ग्राम का नाम/थाना नं0 | कुल खेसरों की सं0 | खानापुरी प्रारंभ की तिथि | खानापुरी समाप्ति की तिथि/स्थिति | खानापुरी समाप्ति में लगे कुल दिन/स्थिति | LPM सृजन की तिथि | LPM वितरण की तिथि | प्रारूप प्रकाशन (P-12) की स्थिति | प्रपत्र 20 की स्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | चन्द्रजीत कुमार | छपरा जुरावन/93 | 476 | 26.02.2022 | 28.04.2022 | 62 | 27.08.2022 | 31.08.2022 | 21.11.2022 | 08.05.2023 | अंतिम प्रकाशन दिनांक 08.05.2023 को कर दिया गया |
| 2 | नन्दलाल राम | बकटपुर चक्की/114 | 575 | 21.12.2022 | 08.02.2023 | 48 | लंबित* | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 105 में कार्यरत |
| 3 | चन्द्रजीत कुमार | मदन छपरा/99 | 643 | 20.01.2022 | 23.02.2022 | 33 | 23.06.2022 | 28.06.2022 | 05.09.2022 | 06.04.2023 | अंतिम प्रकाशन दिनांक 06.04.2023 को कर दिया गया |
| 4 | शैलेश कु0 गुप्ता | चकफतेहा/90 | 1272 | 01.09.2022 | 07.11.2022 | 67 | 25.02.2023 | 02.03.2023 | - | - | P-8 जाँच प्रतिवेदन |
| 5 | राजू कुमार | चकसनौल/97 | 1334 | 23.05.2022 | 28.07.2022 | 65 | 16.11.2022 | 22.11.2022 | 18.04.2023 | - | P-14 जाँच प्रतिवेदन |
| 6 | सौरभ आनंद | पकड़ी/115 | 1770 | 14.08.2022 | 15.11.2022 | 91 | लंबित* | - | - |  | LPM सृजन नहीं हो रहा है |
| 7 | चन्द्रजीत कुमार | पुरनहिया/103 | 1907 | 07.02.2022 | 09.05.2022 | 92 | 07.11.2022 | 17.11.2023 | 30.04.2023 |  | P-14 जाँच प्रतिवेदन |
| 8 | पंकज कुमार | आशोपुर/119 | 2250 | 16.02.2023 | 1741 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है |
| 9 | शैलेश कु0 गुप्ता | बेदोल आदम/100 | 2600 | 14.02.2023 | - | - | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा - 90 में कार्यरत |
| 10 | श्रीराम कुमार | काशोपुर/108 | 2695 | 15.06.2022 | 26.09.2022 | 101 | लंबित* | - | - | - | अमीन अन्य मौजा - 109 में कार्यरत |
| 11 | पंकज कुमार | बेदोल बाज/98 | 2924 | 26.08.2022 | 30.01.2023 | 154 | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा - 119 में कार्यरत |
| 12 | रविन्द्र कुमार | अशोगी छपड़ा/96 | 2971 | 18.07.2022 | 12.12.2022 | 144 | - | - | - | - | P-6 entry 2250 |
| 13 | सुमित प्रकाश | खैरा पहाड़ी/121 | 3170 | 09.02.2022 | 1693 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है |
| 14 | योगेन्द्र कुमार | कटैया/120 | 3361 | 18.08.2022 | 30.01.2023 | 162 | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 91 में कार्यरत |
| 15 | योगेंद्र कुमार | बराही जगदीश/91 | 3342 | 17.02.2023 | 1717 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है |
| 16 | सुमित प्रकाश | चिरैया/94 | 3615 | 27.02.2022 | 26.12.2022 | 149 | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 121 में कार्यरत |
| 17 | अभिषेक रंजन | बराही मोहन/92 | 3706 | 27.09.2022 | 14.02.2023 | 141 | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 101 में कार्यरत |
| 18 | चंद्रजीत कुमार | सनौल सुलतान/104 | 4000 | 06.05.2023 | - | Hold | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 103 में कार्यरत |
| 19 | अभिषेक रंजन | बसंतजगजीवन/101 | 4041 | 17.02.2023 | 1664 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है |
| 20 | राजू कुमार | परसौनी/107 | 4351 | 23.04.2023 | 960 | Running | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 97 में कार्यरत |
| 21 | चंद्रजीत कुमार | बखार चंडीहा/95 | 5000 | - | - | - | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 103 में कार्यरत |
| 22 | नन्दलाल राम | हथसार/105 | 4985 | 07.05.2023 | 361 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है |
| 23 | योगेंद्र कुमार | बसंतपट्टी/102 | 5000 | - | - | - | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 91 में कार्यरत |
| 24 | सौरभ आनंद | अदौरी/89 | 6000 | - | - | - | - | - | - | - | Not Started Yet |
| 25 | श्रीराम कुमार | अभिराजपुर बैरिया/109 | 6000 | 09.05.2023 | 177 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है |
| 26 | नन्दलाल राम | कोल्हुआ ठिकहा/106 | 7002 | 18.08.2022 | 05.02.2023 | 165 | - | - | - | - | अमीन अन्य मौजा 105 में कार्यरत |
| 27 | दुर्गेश कुमार | दोस्तिया/122 | 7500 | 23.09.2022 | 3589 | Running | - | - | - | - | खानापुरी चल रहा है, बस्ती शीट उपलब्ध नहीं है एवं बागमती नदी से प्रभावित है |

*** तकनीकी कारणों से RT No. 114, 115, 108 का LPM सृजन लंबित हैं।**

समीक्षोपरान्त प्राप्त प्रतिवेदन एवं निदेश निम्नवत् हैं–

(i) समीक्षा में पाया गया कि 2500 से कम खेसरा वाले एक ग्राम माधोपुर में खानापुरी का कार्य लंबित है। शिविर प्रभारी द्वारा बताया गया कि अमीन द्वारा 2924 खेसरा वाले राजस्व ग्राम बेदोल वाज (थाना सं0–98) में खानापुरी पूर्ण किए जाने के कारण आशोपुर में खानापुरी पूर्ण नहीं हुआ है एवं अमीन द्वारा आशोपुर में 1741 खेसरों की खानापुरी की जा चुकी है।

निदेशित किया गया कि 5000 से कम खेसरों वाले सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख 30 जून, 2023 तक तथा 5000 से अधिक खेसरे वाले राजस्व ग्रामों का 15 अगस्त, 2023 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख निश्चित रूप से प्रकाशित कर दिया जाए।

**III. <u>शिवहर जिले की समीक्षा</u> –**

शिवहर जिले के पुरनहिया शिविर की समीक्षा उपरान्त शिवहर जिले में चल रहे तीन विशेष सर्वेक्षण शिविरों के प्रगति की समीक्षा शिविरवार/ग्रामवार की गई। समीक्षा के क्रम में अद्यतन स्थिति निम्नवत् पाई गई–

| | **शिवहर जिला अंतर्गत प्रथम चरण के अंतर्गत 80 राजस्व ग्रामों का शिविरवार विशेष सर्वेक्षण संबंधी प्रगति प्रतिवेदन** | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **शिविर का नाम** | **शिविर अंतर्गत कुल ग्रामों की संख्या** | **किस्तवार पूर्ण राजस्व ग्राम की सं0** | **किस्तवार लंबित/चल रहे राजस्व ग्राम की सं0** | **खानापुरी पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या** | **खानापुरी चल रहे मौजो की सं0** | **खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0ए0 म0 वितरण मौजो की सं0** | **प्रारूप प्रकाशन मौजो की सं0** | **अंतिम प्रकाशन मौजा की सं0** | **अभ्युक्ति** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | डुमरी कटसरी 01 (पंचायत सरकार भवन, मकसुदपुर कड़ड़िया) | 29 | 28 | 1 | 18 | 2 | 10 | 7 | – | – |
| 2 | पिपराही 01 (अभिलेखागार भवन, पिपराही) | 24 | 23 | 1 | 11 | 6 | 4 | 1 | 01 (थाना नं0 124) | – |
| 3 | पुरनहिया 01 (पंचायत सरकार भवन, कोल्हुआ ठिकहा) | 27 | 27 | – | 14 | 7 | 8 | 4 | 02 (थाना नं0 99 एवं 93) | – |
| | **कुल** | **80** | **78** | **2** | **43** | **15** | **22** | **12** | **3** | |

उपर्युक्त प्रगति के आलोक में की गई समीक्षा एवं समीक्षोपरान्त दिए गए निदेश निम्नवत् है–

(i) समीक्षा में पाया गया कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा लगभग प्रत्येक प्रक्रम में बहुत अधिक समय लगाया गया है। **पिपराही शिविर की समीक्षा में पाया गया कि विशेष सर्वेक्षण अमीन, श्री गोलू कुमार द्वारा राजस्व ग्राम– नारायणपुर, थाना संख्या– 113 में दिनांक– 28.12.2022 खानापुरी कार्य पूर्ण कर उनको सम्बद्ध किए गए अन्य ग्राम–बेलवा निजामम, थाना संख्या–125 में अब तक खानापुरी शुरू नहीं की गई है।**

**निदेशित किया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा मैप मॉड्यूल के आधार पर श्री गोलू कुमार द्वारा प्रक्रमवार किए गए कार्य एवं उनके द्वारा संधारित विगत् 06 माह की अमीन डायरी की जाँच कर उनके कार्यों की समीक्षा कर कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित किया जाए।**

(ii) समीक्षा में पाया गया कि सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं राजस्व अधिकारी के स्तर से मैप मॉड्यूल में प्रक्रमवार तिथि संधारित नहीं की जा रही है। निदेशित किया गया कि इस सम्बन्ध में कारण पृच्छा की जाए।

(iii) बैठक में उपस्थित सभी अंचलाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सरकारी भूमि सभी प्रकार की विवरणी विशेष सर्वेक्षण शिविरों को यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाए। साथ सुनवाई की प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार सरकार का पक्ष अवश्य रखा जाए।

अंचलस्तरीय कार्यों की समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारी, डुमरी कटसरी के अंचल अधिकारी के कार्यों की प्रगति को देखते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश अपर समाहर्त्ता को दिया गया।

अंत में सभी शिविर प्रभारियों को स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया कि प्रत्येक दशा में 20 जून, 2023 तक 2500 से कम खेसरे वाले राजस्व ग्रामों के प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए।

29/5/23

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 4466 **पटना, दिनांकः** 29/05/2023

**प्रतिलिपिः–** समाहर्त्ता, सीतामढ़ी एवं शिवहर/बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं शिवहर/अपर समाहर्त्ता–, सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, सीतामढ़ी एवं शिवहर/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सीतामढ़ी एवं शिवहर/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), सीतामढ़ी एवं शिवहर/सभी अंचलाधिकारी, सीतामढ़ी एवं शिवहर/सभी शिविर प्रभारी, सीतामढ़ी एवं शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 4466 **पटना, दिनांकः** 29/05/2023

**प्रतिलिपिः–** प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं शिवहर/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 4466 **पटना, दिनांकः** 29/05/2023

**प्रतिलिपिः–** प्रोजेक्ट मैनेजर, IIC, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 4466 **पटना, दिनांकः** 29/05/2023

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 4466 **पटना, दिनांकः** 29/05/2023

**प्रतिलिपि** : मुख्य सचिव, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2023\Birendra Sir_ASO\Tour\24.05.2023_Sitamarhi_Sheohar.docx